## खबर संक्षेप

### सामग्री वितरण-वापसी दलों का प्रशिक्षण संपन्न

**छिन्दवाड़ा**। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शीलेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत आज मेडिकल कॉलेज छिन्दवाड़ा के ऑडिटोरियम हॉल में मास्टर ट्रेनर्स और मतदान सामग्री वितरण-वापसी दलों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर डॉ.पी.एन.सनेसर और स्टेट लेवल मास्टर ट्रेनर श्री राजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा पीपीटी के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स और मतदान सामग्री वितरण-वापसी दलों को उनके दायित्वों व कार्यों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में संयुक्त कलेक्टर श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, जनजातीय कार्य विभाग के सहायक संचालक शिक्षा एवं सहायक नोडल अधिकारी प्रशिक्षण श्री उमेश कुमार सातनकर और मास्टर ट्रेनर्स व मतदान सामग्री वितरण-वापसी दलों के सदस्य उपस्थित थे।

### डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जयंती पर होंगे आयोजन

**सौंसर**। भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर की 14 अप्रैल को सौसर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में धूमधाम के साथ में जन्मदिवस समारोह मनाया जाएगा।जयंती समारोह को लेकर बुद्ध बाबा साहब अंबेडकर से जुड़े हुए संगठनों के द्वारा तैयारियां शुरू कर दी है।सौसर नगर में डॉ बाबासाहेब आंबेडकर नवयुग मंडल सौसर की ओर से 11 अप्रैल को शाम को 7 बजे महात्मा ज्योतिबा फुले की बौद्ध विहार में जयंती मनाई जाएगी। 12 अप्रैल से खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा। 13 अप्रैल की रात्रि संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब आंबेडकर चौक पर रात्रि 8 बजे विभिन्न भीम बुध्द पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रमों साथ में रात्रि 12 बजे जय भीम सलामी एवं आतिशबाजी मिष्ठान वितरण के साथ जन्म दिवस मनाया जाएगा।14 अप्रैल को सुबह बौद्ध विहार में सामूहिक बौद्ध वंदना दोपहर में फल वितरण एवं शाम को 5 बजे नगर में विशाल जय भीम रैली निकाली जाएगी। तीनखेड़ा में आनंद बौद्ध विहार समिती की ओर से डॉ बाबासाहेब अंबेडकर जी की 133वीं जयंति समारोह का आयोजन होगा।

## मीरा कोटा के मतदाता 9 किमी कुरंगला के जंगल पहाड़ के रास्ते टेकापार में 2 घंटे पैदल चलकर करेंगे मतदान

# गर्मी एवं लंबी दूरी के कारण असहाय वृद्ध मतदाता नहीं कर पाएंगे मतदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

19 अप्रैल को होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए मतदान की पूरी तैयारी प्रशासन द्वारा कर ली गई है। जबकि चुनाव आयोग ने सभी रिटर्निंग ऑफिसर को निर्देश पूर्व से ही दे रखे हैं। कि मतदाता को दो किलोमीटर से ज्यादा दूरी पर मतदान करने ना जाना पड़े। क्योंकि चुनाव आयोग की मंशा है। कि ज्यादा से ज्यादा मतदान हो ,और शत प्रतिशत मतदान के प्रयास किये जाये। लेकिन भारत निर्वाचन आयोग के आदेश कम से कम जुन्नारदेव विधानसभा क्षेत्र के कई बूथ में देखने नहीं मिल रहे है। कि मतदाताओं को 10 किलोमीटर तक दूरी पर मतदान करने जाना पड़ा रहा है। जैसे मतदान भी प्रभावित होगा। जिसका एक उदाहरण बजारी गुढ़ी के मतदाता हर्ष तिवारी जंगल के रास्ते मतदान करने पैदल 2 घंटे चलकर पहुंचते हैं। इससे भी एक गंभीर समस्या इसी विधानसभा के बूथ क्रमांक 28 में मतदान के लिए मीरा कोटा ग्राम एवं ईसी पंचायत का गांव है। वूथ की दूरी 9 किलोमीटर दूर जाकर मतदान करना पड़ेगा। वहीं इसी पंचायत का कुरंगला के मतदाता को जंगल के रास्ते 2 घंटे पैदल चलकर टेक पार मतदान केंद्र पर पहुंचना पड़ेगा। तो समझा जा सकता है। कि भारत निर्वाचन आयोग के आदेश निर्देश एवं स्थानीय वूथौ पर मतदाताओं की फजीहत कितनी होती होगी। और मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ेगा इसका अंदाजा कुरंगला एवं मीरा कोटा के मतदाताओं की वूथ की दूरी एवं मजबूरी को समझा जा सकता है। लेकिन नहीं समझता है। तो निर्वाचन शाखा में बैठे अधिकारियों को की पूर्व में मतदान केंद्र एवं मतदाता के बीच की दूरी पंचायत सचिव सहायक रिटेनिंग ऑफिसर सहित जोनल अधिकारी पूर्व के चुनाव में इस गांव के मतदाताओं की परेशानी जानते हुए। भी उन्होंने लोकसभा चुनाव में इन समस्याओं के समाधान नहीं खोजे जिसका खामियाजा मतदाताओं परेशानी के रूप में भुगतना पड़ रहा है। वही उल्लेखित निर्वाचन से संबंधित अधिकारियों की लापरवाही के कारण शारीरिक से कमजोर उम्र दराज मतदाता इतनी लंबी दूरी कर मतदान करने जाना वह भी जंगल के रास्ते संभव नहीं है। इससे मीरा कोटा एवं कुरंगला के मतदान प्रतिशत पर विपरीत असर पड़ेगा। और लोकतंत्र के पर्व में मतदान करने में कई असहाय मतदाता वंचित हो जाएंगे। निर्वाचन आयोग के शत प्रतिशत मतदान की पोल खोलता रैनीखेड़ा ग्राम मीरा कोटा कुरंगला काफी हैं।





# कलेक्टर ने स्कूल के शौचालयों की हालत पर जताई नाराजगी

## कलेक्टर ने किया अमरवाड़ा विधानसभा के 8 मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह ने आज अमरवाड़ा विधानसभा के अंतर्गत शेडो एरिया सहित 8 मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया और मतदाताओं के लिए उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। सर्वप्रथम उन्होंने शेडो एरिया के मतदान केंद्र क्रमांक-189 नांदनवाड़ी का औचक निरीक्षण किया और मोबाइल नेटवर्क की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने मतदान दिवस पर शेडो एरिया में कम्युनिकेशन के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश एसडीएम एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी अमरवाड़ा को दिए हैं। इसके बाद उन्होंने ग्राम सोनपुर में मतदान केंद्र क्रमांक 192 व 193 का औचक निरीक्षण किया। इन स्कूल भवनों में शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था और हालत देखकर कड़ी नाराजगी व्यक्त की और सचिव को कल तक चोक और गंदे शौचालय की स्थिति ठीक करवाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्कूली बच्चों के उपयोग के लिए बने शौचालयों की दुर्दशा के लिए शिक्षकों पर भी कड़ी नाराजगी जाहिर की। इसके बाद उन्होंने ग्राम पंचायत भवन सोनपुर का भी निरीक्षण किया और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से संपर्क कर पानी की सुचारू व्यवस्था के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने मतदान केंद्र क्रमांक 190 शासकीय प्राथमिक शाला पुरतला, मतदान केंद्र क्रमांक 258 शासकीय एकीकृत माध्यमिक शाला भवन घोघरी, मतदान केंद्र क्रमांक 254 ग्राम पंचायत भवन कोपाखेड़ा और मतदान केंद्र क्रमांक 253 शासकीय प्राथमिक शाला हिवरासानी का भी निरीक्षण किया और मतदाताओं व मतदान दलों के लिए बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान कोपाखेडा में व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया और शासकीय प्राथमिक शाला हिवरासानी के परिसर और शौचालयों की व्यवस्थाओं की सराहना की। उन्होंने सभी स्कूलों के शौचालय ठीक करवाने के निर्देश अमरवाड़ा एसडीएम और तहसीलदार को दिए हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अमरवाड़ा श्री हेमकरण धुर्वे, तहसीलदार अमरवाड़ा श्रीमती निधि तिवारी, सीईओ जनपद पंचायत अमरवाड़ा सहित एफ.एस.टी. दल के सदस्य, संबंधित बी.एल.ओ. और सचिव उपस्थित थे।



### एस.एस.टी जांच नाका सिंगोड़ी का निरीक्षण

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान फील्ड में आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित कराने और अवैध गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के लिए जांच नाकों में तैनात स्थैतिक निगरानी दल के कार्यों का जायजा लेने कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह द्वारा विभिन्न जांच नाकों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। इसी कड़ी में सोमवार को कलेक्टर ने विधानसभा अमरवाड़ा के अंतर्गत एस.एस.टी. जांच नाका सिंगोड़ी का औचक निरीक्षण किया।

## मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में मतदाताओं को किया जागरूक



**छिंदवाड़ा**। मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर श्री शीलेंद्र सिंह एवं नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देशानुसार कम मतदान केंद्र वाले क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु विशेष प्रयास किए गए। स्थानीय इंदिरा आवास मल्टी, शिवनगर कॉलोनी एवं पीडब्ल्यूडी ऑफिस के पास मतदाताओं को शपथ दिलाई गई, जागरूकता रैली निकाली गई एवं शत प्रतिशत मतदान की अपील की गई। इस दौरान सहायक यंत्री श्री विवेक चौहान, उपयंत्री सुश्री स्मिता इंदौरकर, एनयूएलएम सिटी मैनेजर श्री उमेश पयासी, डॉ. सेवंती पटेल, राजस्व निरीक्षक ऋषभ स्थापक एवं पवन सोनी सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## युवाओं के सच्चे हितैषी हैं नकुल नाथ, कार्यकर्ताओं का सघन जनसंपर्क जारी

**छिंदवाड़ा** : जिले के सर्वांगीण विकास के लिए सतत संघर्ष करने वाले जिले के सांसद नकुल नाथ जी के प्रयासों से अनेकों युवाओं को रोजगार उच्च शिक्षा व कौशल प्रशिक्षण प्राप्त हुआ है उक्त आशय के विचार जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आम जनता के समक्ष व्यक्त किये म. प्र. के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ जी व जिले के सांसद की पहल पर अनेकों विकास कार्य जिले के दूर दराज़ आदिवासी अंचलों में हुए हैं कांग्रेस व जिले के सांसद नकुल नाथ वास्तव में युवाओं के सच्चे हितैषी है तदाशय की जानकारी वार्ड क्रमांकः-2 के वार्ड इकाई के कार्यकर्ताओं ने मतदाताओं को दी इसके पूर्व वार्ड के एस ए एफ 96 वे. क्वाटर्स परमानंद पुर्नवास आदि में सघन जनसंपर्क कर कांग्रेस के योगदान को जनता को अवगत कराते हुए घर घर दस्तक दी इस दौरान प्रमुखतः मुकेश उपाध्याय सुनील इंगले दरेश परतेती रेणु तिवारी पूर्वीता डेहरिया सुषमा डेहरिया सुषमाडेहरिया राधा सैनी सुमन पवार अंकुश उज्जैन कर आदि उपस्थित थे।



## कोयलांचल क्षेत्र नई खदानों के साथ अपने व्यापार के परम वैभव को प्राप्त करेगा : बंटी

**छिंदवाड़ा**। भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने परासिया विधानसभा क्षेत्र के शिवपुरी मंडल के मारई, मोठार, फुटेरा, झुर्रेमाल, तुमड़ी, उरधन, पगारा मंडल के धमनिया, सेमरताल, हरहिट, कारीडोंगरी, पगारा, बेलगांव के ग्रामों में एवं परासिया मंडल के चिखली बस्ती, वार्ड नं. 13 गणेश मंदिर, बस स्टेंड, दमुआ मंदिर वार्ड नं. 9 भीमसेन क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए नुक्कड़ सभाओं को संबोधित किए। भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने ग्रामीण जन से भाजपा को वोट देकर मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की भाजपा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू ने नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में देश ने विकास के कई आयामों को प्राप्त किए हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश विकासशील देश हुआ करता था लेकिन जब से मोदी जी ने देश की बागडोर संभाली है हमारा देश विकासशील से आगे बढ़कर विकसित राष्ट्र बनाना की अग्रसर हो गया है। आज हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था है और जल्दी ही हम दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देश हो जाएंगे। श्री साहू ने कह की देश मोदी जी के नेतृत्व में विश्व पटल पर गौरवान्वित हुआ है।श्री साहू ने कहा ये कोयलांचल क्षेत्र जिले के व्यापारी की रीढ़ हुआ करता था। जिले के व्यापार में इस पूरे क्षेत्र का डंका बजता था लेकिन लोकसभा में जिले का स्थानीय प्रतिनिधित्व ना होने के कारण सदन में कभी बंद होती खदानों का मुद्दा ही नहीं उठाया गया। स्थानीय व्यक्ति अगर लोकसभा में जिले का प्रतिनिधित्व करता तो आज क्षेत्र की दिशा और दशा ही कुछ और होती। जिले के हवाई सांसद नकुलनाथ ने अपने सांसद काल के 5 वर्षों में जिले के लिए कुछ किए होते तो आज छिंदवाड़ा विकसित जिला होता। आज भाजपा में मुझे जिले के विकास के लिए आपका प्रतिनिधि बनने का मौका दी है।



## विश्व होम्योपैथिक दिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

चिकित्सकों द्वारा सौसर में विश्व स्वास्थ्य दिवस और विश्व होम्योपैथिक दिवस आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभहोम्योपैथिक के जनक डॉक्टर फ्रेडरिक सैमुअल हैनिमन की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए और उनके द्वारा किए गए कार्यों का स्मरण के साथ किया गया। आयोजन में प्रमुखता से सौसर विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ एन के शास्त्री,डॉ मजुषा पाटील,डॉ आकाश ढोक,डॉ श्वेता गजभिए,डॉ दिनेश ढोक,डॉ प्रमोद तेलंगे, आदि थे।आयोजन को संबोधित करते हुएयह बात होम्योपैथिक चिकित्सा के डॉ जुबेर मंसूरी ने कहा कि वर्तमान समय में पीढ़ी जीवन का उद्देश्य केवल सुख सुविधाओं के संसाधन जुटाना और उनके उपभोग तक सीमित होने लगा है। ऐसे में जीवन संघर्ष नहीं झेल पाता,अशांति का असहयोग, अकेलापन महसूस होता है कि हमारा स्वास्थ्य हमारी जिम्मेदारी है। डॉ राहुल दाते के द्वारा डॉक्टरों को उपहार स्वरूप भेंट दिए।

## चांद दिखा तो रमजान शरीफ का आज हो सकता है आखिरी रोज़ा

### मुस्लिम धर्मावलम्बियों के द्वारा कपड़ों सहित सिमाइयों की खरीददारी करने से बाजारों में बढ़ी रौनक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

सिंगोड़ी सहित आसपास की मस्जिदों एवं मुस्लिम बहुल इलाकों में रमजान शरीफ के मौके पर एक महीने तक बहुत रौनक रही, मुसलमानों के द्वारा रोजा नमाज तराबी सदका जाकात और विशेष नमाज तराबी को आदा किया गया। अब इनाम के रूप में ईश्वरीय इनाम ईद की नमाज पढ़ी जाएगी। सदर इलमन मिस्किनी ने बताया की इस बार सिंगोड़ी मस्जिद में हाजी हाफिज नौशाद आज़मी, रजोला मस्जिद हाफिज सोहेल रज़ा, पिंडरई डबीर मस्जिद हफीज सब्बीर खकरा चौरई मस्जिद हाफिज आकीब साहब ने तराबी की विशेष नमाज अदा करवाई है तथा जिन्हे समाज के लोगो इनामों से भरपूर तरीको से नवाजा। एक महा तक जामा मस्जिद लंगर खाने में बना लंगरसिंगोड़ी जामा मस्जिद में रोजा रखने वाले सभी रोजादारों को एक महा तक जामा मस्जिद सिंगोड़ी के लंगर खाना से लंगर बना कर अंजुमन कमेटी ने रोजा इफ्तार करवाया है, वही मस्जिद कमेटी के लोगो ने बताया की कई दशकों से मस्जिद परिसर में स्थित लंगर खाना से रोजदारों को इफ्तार करवाने के अलावा अन्य धार्मिक सामाजिक कार्यक्रमों में व्यापक लंगर सदियों से यहां बनते चला आ रहा हैं।

# सेन समाज ने किया भाजपा प्रत्याशी का समर्थन

## जुन्नारदेव में सेन समाज भी भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में कर रहा प्रचार प्रसार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

जुन्नारदेव भाजपा विधानसभा कार्यालय में नगर सेन समाज की बैठक का आयोजन किया गया जिसमे केशिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष दिनेश बंदेवार, सेन समाज के जिला अध्यक्ष सागर बंदेवार, समाज की युवा अध्यक्ष लेख राम बंदेवार ने समाज के आराध्य देव की पूजा अर्चना कर बैठक प्रारंभ की गई, बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि आजादी के बाद पहली बात पिछड़ा वर्ग से लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू को बनने वाली पार्टी भारतीय जनता पार्टी है, इसके साथी केंद्र में मोदी सरकार और प्रदेश की सरकार के द्वारा साडे 19000 शिल्पिकारों को योजना का लाभ दिया गया एवं 800 मातृशक्ति के शिल्पी को 2 करोड़ 49 लख रुपए की राशि से लाभान्वित का काम भाजपा ने किया, इसके लिए सेन समाज एक होकर भाजपा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू भारी मतों से विजय श्री दिलवाने के लिए काम करें, इस कार्यक्रम में नगर वार्ड पार्षद प्रमोद बंदेवार, भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सूर्यवंशी, सेन समाज जुन्नारदेव के अध्यक्ष मुकेश बंदेवार नरेश बंदेवार, अनिल बंदेवार मधु बंदेवार दीपक बंदेवार संतोष बंदेवार संजय बंदेवार दिन्नू बंदेवार पंकज बंदेवार, दीपक वंदेवार,पवन बंदेवार दुर्गेश बंदेवार देव बंदेवार विशाल बंदेवार छोटू बंदेवार देवेंद्र बंदेवार ,गुड्डू बंदेवार एवं बड़ी संख्या में सेन समाज उपस्थित रहा।

## पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत

**सौंसर**। छिंदवाड़ा लोकसभा के सौसर नगर में मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के आगमन पर छत्रपति शिवाजी महाराज चौक सौसर भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी की ओर से भव्य स्वागत सत्कार किया गया। पूरा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज के प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए छत्रपति शिवाजी महाराज की जय का जय घोष भी किया। इस दौरान बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी सौसर मंडल के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



## शराब ठेकेदार के कर्मचारी महंगे दामों पर शराब बेचने का लगा रहे आरोप

# तामिया की नई दुकान से पुरानी शराब बेचे जाने का लगा रहे मदिरा प्रेमी आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया थाना अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध धंधे सदा से ही फलते फूलते चले आ रहे हैं। जिसमें शराब ठेकेदार के द्वारा गांव-गांव देसी विदेशी शराब एजेंटों के माध्यम से किराना दुकानों के साथ-साथ। अन्य स्थानों से अवैध शराब की बिक्री होती चली आ रही है। पुराने ठेकेदार ने अपने जितने भी कुचिया थे। उनके यहां ठेका नहीं मिलने के बाद भारी मात्रा में शराब की पेटीया डंप कर दी। , और चुनाव के पूर्व क्षेत्र में शराब का वितरण मतदाताओं को लुभाने में भी राजनीतिक दलों के द्वारा किए जाने की संभावना है। अब शराब की दुकान नए ठेकेदार को मिल गई है। लेकिन ना तो पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार शराब दुकान खोलने की कोई अनापत्ति प्रमाण पत्र लिया गया है। नहीं वर्तमान में उन्हें कोई परमिट शराब का मिला है। यदि मिला होता तो पिछले वर्ष की तारीख अंकित वाली शराब की बोतलों की बिक्री रही हो,रही हैं। ऐसा शराब के शौकीन खरीदारों का मानना है। कि तामिया की नई शराब दुकान से पुरानी शराब की बिक्री अवैध रूप से की जा रही है। क्योंकि एक शराब के शौकीन हरी भूमि को प्रिंट रेट से ज्यादा दर पर ठेकेदार शराब बेचने का आरोप लगाया है। उन्होंने यह भी बतलाया कि इस शराब दुकान पर ना तो कोई शराब की दर सूची टंगी है। जिसका टंगा जाना आवश्यक है। और इस तरह नए शराब ठेकेदार के कर्मचारी महंगी दर पर शराब बेचने का आरोप लग रहे है। वहीं आबकारी विभाग के अधिकारियों के मोबाइल नंबर भी दूकान के बैनर पर नहीं लिखे गए हैं। जिससे यदि किसी को शराब बिक्री संबंधित जानकारी अधिकारी चाहिए तो वह उपलब्ध नहीं है। ठेकेदार के कर्मचारी जानकारी नहीं होने का हवाला देकर टाला मटोली कर जाते हैं। इस तरह तामिया में अब नई शराब दुकान से पुरानी शराब की बिक्री महंगी दरो पर की जा रही है। हालांकि अभी उनके ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बेची जाने की कोई जानकारी नहीं मिल रही है। कारण है। कि पुराने ठेकेदार ने इतनी शराब की पेटी डंप कर दी है। कि कई दिनों तक ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब की कमी नहीं होगी। वहीं आबकारी विभाग की कार्य प्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। कि आचार संहिता में शराब दुकान का शुरू होना और उसे पर भी पुराने बेच नंबर की शराब बेचा जाना मदिरा प्रेमियों में चर्चा का विषय बना हुआ है।



### बड़चिचोली की आमसभा में पूर्व सीएम शिवराज का सवाल

# छिंदवाड़ा में कांग्रेस कब तक और किसलिए?

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

मुझे बल, धन, स्वर्ग, विद्या और मुक्ति नहीं चाहिए मै भगवान बस आपकी सेवा का मौका मांगता हूं, जब तक सांस है तब तक यह रिश्ता बना है। पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान ने आज ग्राम बडचिचोली में यह उद्गार एक आमसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। सीएम ने ग्रामीणों से पूछा कि कांग्रेस की सरकार के रहते भारत का विदेशों में इतना मान सम्मान था क्या ? लोगों ने जोर से जवाब दिया नहीं। कांग्रेस के राज में भारत पूरी दुनिया में घोटालों का देश माना जाता था और आज मोदी राज में दूनिया में सिर्फ भारत का डंका बज रहा है। यह चुनाव भारत की प्रतिष्ठा बढाने का है। कांग्रेस ने धारा 370 हटाने



और 3 तलाक कानून को लागू करने का विरोध कर देशवासियों की जडों से कट गई है। पांढुर्ना जिला भाजपा ने बनाया, कांग्रेस के सांसद से पिछले 5 साल का हिसाब तो पूछ लो। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने लेना ना देना अपने में मगन रहना यह ताना मारते हुए सांसद नकुलनाथ पर कटाक्ष किया। इन्होंने कहा कि बेटियां मेरे लिए देवी है, अब आगे लखपति बहना अभियान चलाया जाएगा। शिवराज ने सवाल उठाया कि छिंदवाडा में कांग्रेस कब तक और किसलिए ? सभा के अंत में शिवराज सिंह ने लोकसभा भाजपा प्रत्याशी बंटी साहू को जिताने की ग्रामीणों से अपील की। इसके उपरांत शिवराज सिंह ने बडचिचोली बायपास रोड पर स्थित सम्राट राजा भोज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके पूर्व सडक पर अनेक ग्रामीणजनों ने



पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का फूलमालाओं और बैंडबाजे के साथ स्वागत किया। इसके बाद सडक से छोटी से रैली निकालते हुए पूर्व मुख्यमंत्री महोदय को आदर सत्कार के साथ सभामंच पर ले जाया गया। इस अवसर पर जिला भाजपा अध्यक्ष एडवोकेट वैशाली महाले, जिला पंचायत सदस्या सुनंदाबाई डोंगरे, पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, छिंदवाडा जिला भाजपा कार्यवाहक अध्यक्ष शेषराव यादव, पांढुर्ना चुनाव प्रभारी राजू परमार, नगरमंडल अध्यक्ष सौंसर दर्शन झाडे, कृष्णकुमार डोबले, जनपद सदस्य कमलेश उईके, प्रशांत पराडकर, हर्षद केवटे, राजू रेवतकर, उत्तम झा के अलावा सैकडों नेता एवं कार्यकर्तागण मौजूद रहे।

## चौरई में जनसंपर्क के दौरान कांग्रेस नेताओं ने ली भाजपा की सदस्यता



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

भाजपा लोकसभा प्रत्याशी बंटी विवेक साहू के चौरई विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान आयोजित नुक्कड़ सभा में पूर्व विधायक चौधरी गंभीर सिंह, जिला पंचायत सदस्य ऋषि वर्मा, श्रीराम चौरसिया, नगर परिषद अध्यक्ष ठाकुर दानसिंह के नेतृत्व में मोदी जी के विकास कार्यो एवं भाजपा की रीति नीति से प्रभावित होकर ग्राम मोहगांव कला निवासी कांग्रेस वरिष्ठ नेता अशोक चौरसिया, कांग्रेस पार्टी समन्वयक पद एवं पूर्व सरपंच प्रकाश साहू, अनिल चौरसिया, श्रीकृष्ण चौरसिया एवं ग्राम पालादौन से कांग्रेस वरिष्ठ नेता द्वारका प्रसाद सोनी, कांग्रेस बूथ अध्यक्ष बलराम वर्मा ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थामा। इस अवसर पर पूर्व विधायक गंभीर सिंह चौधरी एवं जिला पंचायत सदस्य ऋषि पटेल जी, वेदप्रकाश चौरसिया, आशीष वर्मा, छत्रपति सोनी जी, रोहणी जाघेला, गोविंद दांतले, नारायण चंद्रवंशी, मेहतूराम चंद्रवंशी, श्रीराम वर्मा, नेतराम वर्मा, जयराम वर्मा आदि भाजपा सक्रिय कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## मतदान हेतु सांस्कृतिक थीम में सजा बूथ

### पारंपरिक नृत्य एवं नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाता जागरूकता का अनूठा प्रयास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शीलेन्द्र सिंह और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं नोडल अधिकारी (स्वीप) श्री पार्थ जैसवाल के मार्गदर्शन में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी जुन्नारदेव सुश्री कामिनी ठाकुर की विशेष उपस्थिति में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत तामिया के नेतृत्व में जुन्नारदेव अनुविभाग के विकासखंड तामिया के अंतर्गत ग्राम श्रीझोंत में प्राकृतिक सौंदर्य, आदिवासी कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करता हुआ ग्रीन बूथ का निर्माण कराया गया है। इस ग्रीन बूथ परिसर में शैताम नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं शैला नृत्य व ढोल नृत्य आदि के माध्यम से मतदाता जागरूकता का अनूठा प्रयास किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रकार का मतदाता जागरूकता अभियान विधानसभा का संभवतः पहला एवं अद्वितीय है। नाटक मंचन एवं गीत संगीत का वादन कर मतदान का महत्व ग्रामीणों को समझाया गया वहीं इन कार्यक्रमों में पूर्णतः आदिवासी कला एवं संस्कृति का समावेश रहा। कार्यक्रम का संचालन ब्लॉक समन्वयक तामिया द्वारा किया गया।

### एम.बी.बी.एस. उत्तीर्ण कर डॉक्टर बनी आदिति चौधरी



**छिंदवाड़ा –** डॉक्टर आदिति चौधरी ने इस वर्ष एम. बी. बी. एस. की परीक्षा उत्तीर्ण कर चौरई सहित जिले का गौरव बढ़ाया है। डॉ. आदिति चौधरी चौरई निवासी ईश्वर सिंह चौधरी एवं शिक्षिका संचिता चौधरी की बिटिया है। उन्होंने इंडेक्स मेडिकल कालेज इंदौर से अध्ययन करते हुए यह उपलब्धि हासिल की है। डॉक्टर आदिति चौधरी ने इसका श्रेय अपने सम्मानीय गुरुजनों सहित मम्मी - पापा श्रीमती संचिता ईश्वर सिंह चौधरी, भैय्या - भाभी श्रीमती रुचि अनमोल चौधरी सहित समस्त शुभचिंतकों एवं मित्रगणों को दिया और चिकित्सा के क्षैत्र में कार्य करते हुए प्राणी मात्र के साथ मां भारती की सेवा करने का संकल्प लिया। डॉक्टर आदिति चौधरी की उपलब्धि पर बड़ी संख्या में शुभचिंतकों ने उन्हें शुभकामनाएं दी।

### प्रो. अमर सिंह बने अंग्रेजी साहित्य के शोध निर्देशक

**छिंदवाड़ाः** राजा शंकर शाह विश्वविद्यालय छिंदवाड़ा द्वारा शासकीय महाविद्यालय चांद के अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष व बोर्ड ऑफ स्टडीज के चेयरमैन डॉ. अमर सिंह को अंग्रेजी साहित्य में शोध निर्देशक के रूप में शोध कराने की मान्यता प्रदान की है। प्रो. सिंह की विषय विशेषज्ञता के क्षेत्रों में ब्रिटिश फिक्शन, इंडियन इंगलिश ड्रामा, मानव संसाधन जीवनदर्शन प्रबंधन, युवाशक्ति मार्गदर्शन, प्रेरक व्यक्तित्व विकास वक्तव्य, अनुवाद , रचनात्मक लेखन प्रेरक शिक्षण प्रशिक्षण और महिला सशक्तिकरण प्रमुख हैं। ज्ञातव्य हो कि प्रो. सिंह को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए एक्सप्रेस पब्लिकेशंस ग्रुप द्वारा पोएसिस अवार्ड ऑफ ऑनर अंतर्राष्ट्रीय जूरी सम्मान, भारत साक्षरता मिशन द्वारा अक्षर मित्र सम्मान और बेहतरीन चुनाव प्रशिक्षण के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आइकॉन ऑफ छिंदवाड़ा से नवाजा जा चुका है। प

## निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिंगोड़ी

राष्ट्रीय अंधत्व निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित शंकराचार्य नेत्रालय द्वारा दिनांक 8/04/2024 छिंदवाड़ा जिले के श्रीराम मंदिर सिंगोड़ी में श्री भास्कर राव सोनी जी की स्मृति में निशुल्क नेत्र जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित किया गया। शिविर से मरीजों को शंकराचार्य नेत्रालय की निशुल्क बस सेवा द्वारा अस्पताल लाया जाएगा। जिनका शंकराचार्य नेत्रालय में आवश्यक उपचार किया जाएगा।शंकराचार्य नेत्रालय स्टाफ की ओर से नेत्र सहायक डॉ अशोक जी गौर, भाग्यवान तिवारी एवं श्रीराम दुबे ने शिविर आयोजित किया। शिविर की शुरुआत मां भगवती पूज्य गुरुदेव भगवान एवं पूज्य महाराज श्री जी के चित्र का पूजन कर की गई। इस अवसर पर सोनी परिवार सिंगोड़ी के मुख्य सदस्य यशवंत राव सोनी व ग्राम के गणमान्य नागरिक आदि ने उपस्थित होकर शिविर को सफल बनाने में सहयोग किया।

## हाई मास्क लाइट का पिंजरा गिरा नपा कर्मचारी घायल

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी नगर के मुस्लिम कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट की मरम्मत का काम कर रहा कर्मचारी घायल हो गया है. जिसे उपचार के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी में भर्ती करवाया गया है. मिली जानकारी अनुसार सेलवा निवासी जागेश्वर पटले नगर परिषद की विद्युत शाखा में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी है जो सोमवार को कब्रिस्तान में हाई मास्क लाइट की मरम्मत रहे थे. जिन पर अचानक से हाई मास्क लाइट का पिंजरा आकर सिर पर गिर गया. इस दुर्घटना के बाद साथी कर्मचारी ने घायल को उपचार के लिए कटंगी सरकारी अस्पताल पहुंचाया. मगर, घायल कर्मचारी का कुशलक्षेम जानने के लिए कोई भी जिम्मेदार अस्पताल नहीं पहुंचा. वहीं हादसे की सूचना मिलने पर पार्षद प्रतिनिधि योगराज ठाकरे अस्पताल पहुंचे. जिन्होंने नपा से अनुरोध किया कि वह घायल कर्मचारी के उपचार का सारा खर्च वहन करें और हालत में सुधार आने तक अवकाश प्रदान कर वेतन में किसी प्रकार की कटौती ना की जाए. गौरतलब हो कि बीते दिनों ही हाई मास्क लाइट आंधी-तूफान में क्षतिग्रस्त हो गया था. तभी हाई मास्क की क्वालिटी को लेकर सवाल खड़े हो गए थे. दरअसल, नगर परिषद पर तमाम सामग्रियों के खरीदी में भ्रष्टाचार किए जाने की चर्चा होते ही रहती है और फिर जब इस तरह की घटनाएं होती तो इस बात की आंशका कई गुना बढ़ जाती है.



### एक माह से बंद हाई मास्क लाइट

मुस्लिम कब्रिस्तान में जहां हाई मास्क लाइट की मरम्मत करते वक्त कर्मचारी गंभीर रुप से घायल हो गया है. वहीं दूसरी तरहफ नगर के वार्ड क्रमांक 02 अर्जुननाला के चौक में लगा हाई मास्क लाइट करीब 01 माह से बंद पड़ा है. वार्ड पार्षद ने जिम्मेदार अधिकारी को इसकी सूचना देकर मरम्मत कराने के लिए कहा था लेकिन अब तक सुधार कार्य नहीं हुआ है जिस कारण शाम होते ही चौक में अंधेरा छा जाता है. शहर को प्रकाशमय बनाने के उद्देश्य से शहरी सीमा में करीब आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर हाई मास्क लाइट लगाई गई. अब इस हाई मास्क लाइट की गुणवत्ता पर ही सवाल उठने लगा है. सवाल और कोई नहीं नगर परिषद की पार्षद गायत्री ठाकरे ने उठाया है. उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी से मांग की है कि सभी हाई मास्क लाइट की जांच की जाए।

### लांजी जनपद की ग्राम पंचायत बहेला में आक्रोशित हुए ग्रामीण

## लोकसभा चुनाव का बहिष्कार : जब तक पानी नहीं, तब तक वोट नहीं

**हरिभूमि न्यूज लांजी।** देश में लोकसभा चुनाव संपन्न होने में महज कुछ ही दिन शेष रह गए है। वहीं देश के प्रधानमंत्री का कहना है की भारत की आत्मा गांवों में बसती है क्योंकि गांव हमारी आत्मा में बसता है। साथ ही गांवों के विकास के लिये सभी मंचों से अनेकों घोषणाएं करते आए है और पिछले 10 वर्षो से ग्रामीण क्षेत्रों के लिये अनेकों सौंगाते दी है परंतु उनकी यह सौंगातें अधिकतर ग्रामों में सिर्फ कागजों में ही दिखाई देती है विकसित भारत और विश्व गुरू बनने की राह पर अग्रसर भारत देश के अनेको ग्रामों में हालात आज भी आजादी के पूर्व की तरह ही बने हुए है। ताजा मामला जनपद क्षेत्र लांजी के ग्राम बहेला का है जहां के ग्रामीणों ने आक्रोशित होकर लोकसभा चुनाव का बहिष्कार करने का ऐलान किया है और कहा की जो भी जनप्रतिनिधि क्षेत्र में आएगा उसे ग्रामीणों के गुस्से का सामना करना पड़ेगा। जानकारी अनुसार जनपद क्षेत्र लांजी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बहेला में ग्रामीणों ने पानी और नेटवर्क की समस्या को लेकर नाराजगी जाहिर की है। बता दें कि बहेला ग्राम जो की बालाघाट जिले के अंतिम छोर में बसा हुआ है जो दो राज्यों महाराष्ट्र तथा छत्तीसगढ़ की सीमा से जिले को जोड़ता है और यहां कई दशकों से पानी और नेटवर्क की समस्या बनी हुई है परंतु आज तक जितने भी जनप्रतिनिधी हुए किसी ने भी बहेला ग्राम की इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दिया। व्यवस्था ना होने से यहां के लोग नदी से पानी लाने के लिए मजबूर हैं।



**पीएचई विभाग ने जमा नहीं की डिमांड राशि :** ग्रामीणों का कहना है कि गांव में दो वर्ष पूर्व नलजल योजना का कार्य तो शुरू हुआ परंतु आज तक इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पाया है। जिसके संबंध में जब ग्राम के लोगों से पूछा गया तो उनका कहना था की पानी की गंभीर समस्या को देखते हुए ग्रामीणों ने डायरेक्ट पानी सप्लाई चालू कर ली थी जिसे कुछ समय बाद विद्युत विभाग ने काट दिया जिससे पानी की समस्या फिर से जस की तस बनी हुई है। विद्युत विभाग के अधिकारियों से शिकायत करने पर उनके द्वारा कहा गया पीएचई विभाग ने विद्युत विभाग में डिमांड नोट की राशि जमा नहीं की है जिसके कारण हम विद्युत सप्लाई चालू नहीं कर सकते। जबकि विभागीय सूत्रों के अनुसार नलजल योजना के लिये जिस डिमांड राशि का भुगतान पीएचई विभाग को करना चाहिए वह कार्य शुरू होने से पूर्व ही विद्युत विभाग को कर देना चाहिए था परंतु पीएचई विभाग ने ग्रामीणों की समस्या को ध्यान में रखते हुए ऐसा कृत्य किया जिसका खामियाजा ग्रामीणों को भुगतना पड़ रहा है।

**नेटवर्क भी नहीं मिलता, मोबाईल बने डब्बा :** ग्राम पंचायत बहेला में कहने के लिये तो सभी सरकारी सुविधाओं की भरमार है परंतु इनका जमीनी हकीकत से कोई सरोकार नहीं है यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पुलिस थाना, ग्राम पचांयत, शासकीय स्कूल, सीआरपीएफ कैंप, बस स्टेंड से लेकर बैंक तक की सुविधा है परंतु नेटवर्क की सुविधा नहीं होने इनका कोई भी उपयोग यहां की जनता जनार्दन को नहीं मिलता। इसके पूर्व में विधानसभा चुनाव संपन्न हुए जिसमें क्षेत्र के विधायक ने ग्रामीणों को एक माह में नेटवर्क और पानी की समस्या से निजात दिलाने की बात कही थी परंतु आज 4 माह से ज्यादा का समय बीत चुका है परंतु किसी भी तरह की कोई सुविधा ग्रामीणों को नहीं मिल पाई है जिससे ग्रामीणों का गुस्सा सातवे आसमान पर पहुंच चुका है।

**ग्रामीणों ने दी चुनाव बहिष्कार की धमकीः** ऐसे में ग्रामीणों ने जल्द से जल्द हमारी मूलभूत समस्याओं का समाधान नहीं होने पर मतदान प्रक्रिया का बहिष्कार करने की धमकी दी है। ग्रामीणों ने कहा है कि अगर गांव में पेयजल ओर नेटवर्क का मुद्दा नहीं सुलझा तो हमारे ग्रामीणों ने लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं करने का फैसला किया है। हम पिछले सात वर्षों से गंभीर पेयजल संकट का सामना कर रहे हैं और पानी लाने के लिए मीलों दूर जाने को मजबूर हैं। ग्रामीण महिलाओं ने कहा पानी की किल्लत के कारण उनका घरेलू कार्य ही दोपहर के 12 बजे तक समाप्त नहीं हो पाता और वे शासन से ग्रामीणों को मिलने वाले रोजगार से भी वंचित हो रहे है। समय पर कार्य पर नहीं पहुंचने पर उन्हें काम पर नहीं लिया जाता जिससे उन्हें दोहरी मार झेलना पड़ रहा है। महिलाओं ने कहा राजनीतिक नेता केवल चुनाव के समय उनके क्षेत्र का दौरा करते हैं और कई झूठे वादे करते हैं। हालांकिए चुनाव खत्म होते ही वे अपने सभी वादों को भूल जाते हैं।

**एसडीएम को सौंपा ज्ञापनः** इस संबंध में जब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रदीप कौरव को पता चला तो जनपद पंचायत लांजी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मो शफी कुरैशी के साथ ग्राम पंचायत बहेला पहुंचे और उनसे मतदान प्रक्रिया में हिस्सा लेने का आग्रह किया परंतु आक्रोशित ग्रामीणों ने उनकी एक न सुनी और अपनी मांग पूरी होने के पश्चात ही मतदान करने की हामी भरी जिस पर एसडीएम श्री कौरव ने आगामी 4 से 5 दिनों में पानी की समस्या से निजात दिलाने की बात कही तथा नेटवर्क समस्या को लेकर कहा गया की यह प्रदेश स्तर का मामला नहीं है नेटवर्क से जुड़ी समस्या केंद्र स्तर पर सुलझाई जा सकती है इसलिये इस संबंध में वह कुछ नहीं कर सकते।

## मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश

### गोद ग्राम चिचगांव में निकली जागरूकता रैली

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** शासकीय राजा भोज महाविद्यालय कटंगी के द्वारा सप्ताह के पहले दिन सोमवार को गोद ग्राम चिचगांव में जागरूकता रैली निकाली गई. इसके साथ ही कॉलेज परिसर में भव्य मानव श्रृंखला तैयार कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया. कॉलेज की निर्वाचन साक्षरता क्लब की ओर से यह आयोजन करवाया गया. प्राचार्य अनिल शेंडे के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ गिरीश कुमार मिश्रा और स्वीप नोडल अधिकारी डी.ए.रणदा के निर्देश पर यह आयोजन करवाया गया. बालाघाट-सिवनी



संसदीय क्षेत्र में पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होना है. कॉलेज की तरफ से आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्राध्यापक डॉ कुसुमलता उइके, मतदाता जागरूकता प्रभारी डॉ निखहत खान, डॉ आशीष मेश्राम, भिवेन्द्र धुर्वे, प्रणीत चवरे, सतीश गढ़पाल सहित विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## जय मतदाता थीम पर मुकुट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय बालाघाट में प्राचार्य डॉ निधि ठाकुर के मार्गदर्शन में सोमवार को ईएलसी क्लब द्वारा स्वीप गतिविधि के अंतर्गत जय मतदाता थीम पर मुकुट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे सभी विभागों से लगभग 22 छात्राओं ने भाग लिया। तत्पश्चात, कक्षावार ने सभी को सन्देश की लोकतंत्र में राजनितिक नेतृत्व जनता के बहुमत से ही निर्वाचित होता है। अतः हर मतदाता मुकुटधारी है, जो लोकतंत्र का भाग्यविधाता है। इसलिए, अनिवार्यत सभी 19 अप्रैल 2024 को लोकसभा निर्वाचन में भाग अवश्य ले। कार्यक्रम का संयोजन ईएलसी नोडल अधिकारी डॉ श्वेता मोर द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ईएलसी सदस्य श्रीमती मनिका चौबे, डॉ राहुल सूर्यवंशी एवं कैंपस एम्बेसडर निशा कनोजिया का विशेष योगदान रहा।

## सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो नारों की गूंज के साथ ही बहनों ने ली शपथ

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी गिरीश मिश्रा, जिला स्वीप नोडल अधिकारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट एस रणदा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दीक्षा जैन जनपद पंचायत वारासिवनी के मार्गदर्शन में स्वीप गतिविधि का आयोजन निरंतर किया जा रहा हैं। इसी कड़ी में आजीविका मिशन की दीदियों एवम ग्रामीण बहनों को मतदान का महत्व समझाने तथा बिना किसी प्रलोभन के अपना मतदान का प्रयोग करने स्वीप टीम एवम् आजीविका मिशन के प्रयासों से ग्राम पंचायत सिर्रा वारासिवनी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। शपथ पश्चात चर्चा के दौरान सभी दीदियों ने अपने साथ-साथ परिवार एवम्-ग्राम के सभी मतदाताओं को मतदान शत प्रतिशत होगा, विश्वास दिलाया। जिसमें सभी वर्ग की मतदाता बहनें शामिल हुई। इस दौरान सभी बहनों ने सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो के नारे लगाया और शपथ ली। लोकसभा चुनाव 2024 जागरूकता हेतु इस कार्यक्रम में आजीविका मिशन की दीदियों एवम ग्राम पंचायत का विशेष योगदान रहा!




### रिसेवाड़ा में नुक्कड़ सभा लेकर नारा दिया पार्टी नहीं व्यक्ति चुनिये

## देव पवार उर्फ बनवारी सेठ ने किया लांजी क्षेत्र के दर्जनो ग्राम में जनसपंर्क

हरिभूमि न्यूज लांजी।

बालाघाट-सिवनी संसदीय क्षेत्र में सभी राजनीतिक दलों ने अपना चुनाव प्रचार तेज कर दिया और मतदाताओं को लुभाने के लिये पूरी ताकत झोंक दी है। वहीं सोशल मीडिया में अपने मजाकिया अंदाज और चुटकुलों से अब तक लोगों को गुदगुदाने वाले देव पवार उर्फ बनवारी सेठ ने भी अपना राजनीतिक सफल इस लोकसभा चुनाव से शुरू किया है और लोकतंत्र के इस महापर्व में वह स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में कूद चुके है। जिनका नारा है पार्टी नहीं व्यक्ति चुनिये.... और अपने चुनाव प्रसार में वह मात्र दो वाहनों से दोनो जिलों की सैकड़ों गांव में भ्रमण कर अपने लिये आर्शीवाद मांग रहे है।



इसी दौरान आज 8 अप्रेल को देव पवार उर्फ बनवारी सेठ अपने साथी बांगा और अन्य साथियों के साथ लांजी क्षेत्र के दर्जनो ग्रामों मतदाताओ के बीच जाकर जनसंपर्क किया और आर्शीवाद मांगा। इस दौरान दोपहर 2 बजे के आसपास वे अपने साथियों के साथ ग्राम रिसेवाड़ा पहुंचे और चौक में नुक्कड़ सभा लेकर लोगों से मत के रूप मे आर्शीवाद देने की बात कही और सभी राजनीतिक दलों पर कटाक्ष करते हुए कहा आपने अभी तक राजनीतिक पार्टियों के उम्मीदवारों को अपने तथा क्षेत्र के विकास की बागडोर सौंपी है परंतु किसी युवा और कर्मठ व्यक्ति को मौका नहीं दिया परंतु अब समय आ चुका है की आप अपना भविष्य चुने और अपने तथा क्षेत्र के विकास को ध्यान में रखते हुए अपना नेता चुने।



राहुल गांधी की जनसभा में हजारों की संख्या में जनसमुदाय की रही उपस्थिति







# धनौरा में राहुल ने बीजेपी पर किया जोरदार हमला

**केवलारी विधानसभा के धनौरा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता युवाओं के प्रेरणास्रोत राहुल गांधी ने मण्डला लोकसभा से काँग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी ओमकार सिंह मरकाम के पक्ष में उपस्थित विशाल जनसभा को संबोधित किया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जनसभा के आयोजन में केवलारी विधायक ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने राहुल गांधी जी का मुकुट पहनाकर स्वागत किया। एवं अन्नदाता किसानों के प्रतीक हल एवं ओखली भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। व क्षेत्रीय किसानों एवं क्षेत्रीय जनों के हित में विधानसभा क्षेत्र सुखी बंजर जमीन को हरियाली से तरोताजा करने के लिए पानी एवं बड़े बड़े उद्योग लगाने की मांग की। कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी एमपी के सिवनी के धनौरा में पहुंचे यहां चुनावी सभा को संबोधित करते हुये ।

## राहुल ने कहा बीजेपी नेता आदिवासियों के सिर पर पेशाब करते हैं

आदिवासी बाहुल्य धनौरा में राहुल ने बीजेपी पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि एमपी के बीजेपी नेता आदिवासियों के सिर पर पेशाब करते हैं। राहुल ने यहां महिलाओं के लिए बड़ा ऐलान भी किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस केंद्र में सत्ता में आई तो हर महिला के बैंक एकाउंट में एक लाख रुपए डाले जाएंगे। महिलाओं को कांग्रेस सरकार हर साल एक लाख रुपए देगी जिसके लिए महालक्ष्मी योजना चलाई जाएगी। लोकसभा चुनाव के दौरान राहुल पहली बार एमपी आए हैं। उनकी यहां पहली सभा आदिवासी बाहुल्य मंडला लोकसभा क्षेत्र के धनोरा (सिवनी) में हुई। राहुल की सभाओं से महाकौशल के साथ ही विंध्य में भी चुनाव प्रचार को गति मिलेगी। मंडला से कांग्रेस के उम्मीदवार ओमकार मरकाम राहुल गांधी के करीबी सहयोगी हैं और केंद्रीय चुनाव समिति के सदस्य भी हैं।

## राहुल गांधी के दौरों से मिलेगा परिणाम

कांग्रेस के मध्य प्रदेश प्रभारी महासचिव जितेंद्र सिंह का कहना है कि 'चुनाव की तारीखों की घोषणा और आचार संहिता के बाद राहुल गांधी का एमपी में यह पहला दौरा है। जितेंद्र ने दावा किया कि राहुल के दौरों से पार्टी को अच्छा परिणाम मिलेगा। कांग्रेस निश्चित रूप से राज्य में अपनी स्थिति में सुधार करेगी।

## आदिवासी इलाकों पर जोर

लोकसभा चुनावों में कांग्रेस आदिवासी वोटों पर पूरा फोकस कर रही है। यही कारण है कि राहुल गांधी चुनावी प्रचार की शुरूआत के लिए सिवनी के धनौरा मंडला और शहडोल जैसे आदिवासी बाहुल्य इलाकों में पहुंचे हैं। राहुल की जनसभाओं से इन लोकसभा सीटों पर कांग्रेस उम्मीदवार को बेहतर परिणाम की उम्मीद है। विशाल जनसभा के आयोजन में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गण एवं विधायक गण पूर्व विधायक गण/जिला/ब्लॉक/मंडलम/ सेक्टर/ बूथ कांग्रेस कमेटी बी.एल.ए. तथा युवक कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल,**NSUI**, तथा सभी प्रकोष्ठ एवं विभागों के पदाधिकारी/कार्यकर्ताओं/वर्तमान व पूर्व निर्वाचित जनप्रतिनिधियों समेत हजारों की संख्या में विशाल जन समुदाय की उपस्थिति रही।

# धनौरा, केवलारी और लखनादौन क्षेत्र में गिरे ओले, तेज हवा के साथ हुई बारिश

**जिले के धनौरा, केवलारी और लखनादौन क्षेत्र के अनेक गांवों में सोमवार को दोपहर करीब 3.30 बजे के बाद अचानक बिगड़े मौसम से तेज हवा के साथ वर्षा और कुछ देर तक ओलावृष्टि हुई।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।



धनौरा ब्लाक के गांवों में बेर के आकार के ओले गिरे। वहीं केवलारी व लखनादौन में एक से दो मिनट तक चने के आकार के ओले गिरे। इससे खेतों में लगी खड़ी फसल के साथ काटकर खुले में रखी गई गेहूं की फसल को हानी पहुंचने की आशंका है। धनौरा क्षेत्र में करीब पांच मिनट तक बारिश के साथ ओलावृष्टि होने से सड़कों व खेतों में ओले की परत जम गई। इधर मुख्यालय में सुबह से तेज धूप खिली रही, इससे लोगों को गर्मी व उमस का अहसास हुआ। लखनादौन ब्लाक के आदेगांव में ओलावृष्टि तो नहीं हुई लेकिन करीब 20 मिनिट तेज वर्षा हुई। लखनादौन मुख्यालय में तेज हवा के साथ बारिश हुई।



## बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर झाड़ी में घुसा, बड़ा हादसा टला

जिले के आदिवासी बाहुल्य विकास खंड धनौरा मुख्यालय में सोमवार को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की चुनावी सभा थी। इसमें शामिल होने लुंघसा ग्राम से कुछ लोग बोलेरो वाहन में गए हुए थे। जिस जगह यह हादसा हुआ वहां वाहनों का आना-जाना अधिक होता है। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने पलारी पुलिस को दी। घटना के बाद काफी लोग मौके पर पहुंचे गए और दूसरे वाहन से दुघर्टनाग्रस्त वाहन को निकालने का प्रयास करते रहे थे। वाहन में कामेंद्र, हरिन्दवार, गोहर सिंह कुमरे, श्याम सिंह मर्सकोले, पवन उइके, तरुण परते, गोविंद मर्सकोले सहित अन्य लोग सवार थे।

# समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ब्रिज कोर्स कक्षा 9 का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

समग्र शिक्षा अभियान के अंतर्गत ब्रिज कोर्स कक्षा 9 का ऑनलाइन विषय हिंदी, अंग्रेजी, गणित का ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया गया जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी एस. एस. कुमरे,सहायक संचालक आर.आर.मेहता,एडीपीसी विपनेश जैन,द्वारा ब्रिज कोर्स को विधिवत् सुचारू रूप से संचालित करने के निर्देश दिए जिसमें गणित विषय के मास्टर ट्रेनर भूपेंद्र चौधरी श्रीमति अनामिका बघेल मनोज सनोडिया ,अंग्रेजी विषय के मास्टर ट्रेनर अनूप श्रीवास्तव एल. पी. चौधरी शाहिद खान एवम हिंदी विषय के मास्टर ट्रेनर श्रीमति आराधना राजपूत अरविंद श्रीवास्तव श्रीमति रूचि बिसेन द्वारा गणित के 200, अंग्रेजी के 170,हिंदी के 150, शिक्षक शिक्षिकाओं को ब्रिज कोर्स का प्रशिक्षण प्रदान किया गया।



## मां नर्मदा के पैदल परिक्रमा मार्ग पथ व्यवस्थित बनाने की मांग

**सिवनी।** जिला से 154 किलोमीटर नर्मदा के दक्षिण तट झिंझरई निवासी समाजसेवी नारायण बैजनाथ सिंह पटेल ने भारत के राष्ट्रपति जी,प्रधानमंत्री जी,केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री जी और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री जी,पंचायत ग्रामीण विकास मंत्री जी को पत्र लिख कर मांग किए हे की मां नर्मदा परिक्रमा वासियों अमरकंठ से लेकर मध्यप्रदेश की सम्पूर्ण सीमा मां नर्मदा के जल प्रवाहित क्षेत्र में दोनो तटो पर 15 किलोमीटर में रेन बसेरा और सभी भाषाओं में साइन बोर्ड रास्ता का मैप लगाया जावे और भोजन,पानी,दवाइयों एवम अन्य व्यवस्था बनाई जावे क्योंकि मां नर्मदा ही भारत वर्ष अपीति विश्व में एक मां नर्मदा नदी हे जिसकी परिक्रमा देश विदेश के सभी लोग करते हे इसलिए रामबन गमन पथ की तरह इस मार्ग को भी व्यवस्थित किया जावे की मांग समाजसेवी ने की है।

## समय-सीमा बैठक सम्पन्न

# अवैध शराब के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही में गति लाने कलेक्टर ने दिए निर्देश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल की अध्यक्षता में सोमवार 08 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री नवजीवन पंवार, अपर कलेक्टर श्री सी एल चिनाप सहित अन्य शासकीय विभाग के कार्यालय प्रमुखों की उपस्थिति रही साथ ही विकासखण्डस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े थे।

बैठक में कलेक्टर श्री क्षितिज सिंघल ने समय सीमा में दर्ज प्रकरणों, सीएम हेल्प लाइन तथा जनसुनवाई के लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारियों को नरवाई जलाने की घटनाओं पर संबंधितो के विरूद्ध नियमानुसार जुर्माना एवं अन्य कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह कृषि विभाग के अधिकारियों को नरवाई के वैकल्पिक उपयोग को लेकर जनजागरूकता प्रसारित करने के लिए निर्देशित किया है। कलेक्टर श्री सिंघल ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को भी खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर सतत रूप से खाद्य प्रतिष्ठानों के निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं तथा निरीक्षण के दौरान विक्रय होता पाये गये अमानक खाद्य पदार्थों को लेकर संबंधित प्रतिष्ठानों के विरूद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में कलेक्टर श्री सिंघल ने आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब के विरूद्ध की जा रही कार्यवाही की भी समीक्षा कर कार्यवाहियों में गति लाने के निर्देश दिए हैं। इसी तरह खाद्यान्न के वितरण एवं उठाओ की कार्यवाही समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश जिला प्रबंधक नागरिक आपूर्ति विभाग को दिए हैं। कलेक्टर श्री सिंघल ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की तैयारियों को लेकर भी नोडल अधिकारीवार सौंपे गए दायित्वों की समीक्षा की उन्होंने मतदाता जागरूकता गतिविधियों, मतदान सामग्री, वितरण एवं वापसी, मतदान दलों के गठन एवं उनके प्रशिक्षण निर्वाचन शिकायतों के निराकरण स्थिति के साथ-साथ निर्वाचन वाहनों की अनुमानित संख्या एवं उनके रूट चार्ट की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने 19 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर मतदान सामग्री वितरण एवं वापसी की तैयारियों को लेकर भी विस्तृत दिशा निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

## सैनिकों के कल्याण के लिए लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहित करने पर जिला हुआ सम्मानित

**सिवनी।** जिला सैनिक कल्याण अधिकारी श्री दास ने बताया कि सशस्त्र झण्डा दिवस 07 दिसम्बर 2022 से 06 दिसम्बर 2023 तक शहीद सैनिकों, विकलांग सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों के कल्याणार्थ के लिये जिला सिवनी द्वारा लक्ष्य से अधिक राशि संग्रहण किये जाने पर सिवनी जिला अपनी उपलब्धि के लिए महामहिम राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल के हस्ते सम्मानित हुआ है। जिले को प्राप्त प्रशंसा पत्र तथा सील्ड को जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल अमरेन्द्र कुमार दास द्वारा कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री क्षितिज सिंघल को भेंट की गई है।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**सिवनी।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं श्री राजेश कुमार गुप्ता अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के मार्गदर्शन में श्री लक्ष्मण कुमार वर्मा सचिव जिला सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी के निर्देशन में श्रीमती पार्वती डहेरिया पैरालीगल वालेंटियर सिवनी के द्वारा रविवार 07 अप्रैल 2024 को शहीद वार्ड सिवनी में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

## एनएचएआई से मिली मंजूरी के बाद किया जा रहा काम

# काम की धीमी रफ्तार कच्छप गति से बन रही है शहर की फोर लाइन, 109 करोड़ का खर्च

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शहर की मुख्य सडक को फोरलेन में तब्दील करने का काम १०९ करोड़ रुपए की स्वीकृत राशि से किया जा रहा है। जिसके लिए इन दिनों पेड़ों की छंटाई-कटाई के अलावा मिट्टी खुदाई का काम चल रहा है। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने शहर के भीतर से गुजरे पुराने नेशनल हाइवे सडक को फोरलेन बनाने के लिए 126 करोड़ की मंजूरी दी थी। जिस पर केंद्रीय सडक परिवहन मंत्रालय ने राशि स्वीकृति के बाद एमपीआरडीसी को सडक बनवाने का जिम्मा सौंपा गया। 109 करोड़ के टेंडर को स्वीकृति मिलने का बाद पिछले महीने काम की शुरुआत हुई। नगझर से लेकर आरटीओ के सामने, लूघरवाड़ा से ज्यारत नाका तक सडक के दोनों ओर खुदाई और पेड़ों की छंटाई का काम किया गया है। इसी तरह से नागपुर रोड पर शहर के खैरीटेक, सीलादेही तक काम होना है। लेकिन काम की धीमी रफ्तार को देखकर लोगों में नाराजगी है। शहर के ज्यारत नाका से नगझर तक कई जगह सडक के किनारे की जमीन को खोद कर छोड़ दिया गया है। वहीं सडक किनारे मिट्टी के ढेर लगे हैं। ऐसे में हादसे की आशंका भी बनी हुई है।



शहर के बीच से होकर बनने वाली 13 किमी लंबी फोरलेन सडक व रेल ओवरब्रिज के लिए बड़ी संख्या में पेड़ों की कटाई की जाना है। जानकारी के अनुसार शहर के अंदर करीब 200 से ज्यादा पेड़ों को काटा जाएगा। इसके लिए काटे जाने वाले पेड़ों पर मार्किंग कर उन पर नंबर डाले गए हैं। वर्तमान में पेंड़ों के आसपास मशीनों से खुदाई और अन्य कार्य कराए जा रहे हैं।

नगझर तक फोरलेन सडक डिवाइडर से दोनों ओर सात-सात मीटर चौड़ी बनाई जाएगी जानकारी के मुताबिक सीलादेही से नगझर तक फोरलेन सडक डिवाइडर से दोनों ओर सात-सात मीटर चौड़ी बनाई जाएगी। ज्यारत नाका से कृषि विज्ञान केंद्र तक लगभग पांच किमी लंबी डामर रोड को सीसी सडक बनाया जाएगा। वहीं कृषि विज्ञान केंद्र से सीलादेही व ज्यारत नाका से नगझर तक की टू-लेन सडक को फोरलेन में बदलकर डामरीकृत किया जाएगा। साथ ही रेलवे स्टेशन से लगे नागपुर रोड रेल फाटक पर लगभग छह सौ मीटर लंबा ओवरब्रिज भी बनाया जाएगा। ब्रिज बनाने के लिए प्रारंभिक काम शुरू हो गया है। फोरलेन सडक निर्माण के लिए सीलादेही से कृषि विज्ञान केंद पुलिया तक टू-लेन सडक के दोनों ओर मार्किंग, भूमि समतलीकरण के लिए खुदाई जारी है।

## मिट्टी के ढेर से हो रहे हादसे

शहर के दोनों तरफ सडक को फोरलेन बनाने के चल रहे काम के दौरान खोदी गई मिट्टी सडक पर ही जगह-जगह ढेर लगाकर रख दी गई है। जिसके कारण सडक सकरी होने से हादसे हो रहे हैं। पिछले दिनों जबलपुर रोड पर पावर ग्रिड के पास एक बाइक सवार मिट्टी के ढेर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो चुका है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि मिट्टी के ढेर हटवाए जाने चाहिए, इसके कारण कई लोग चोटिल हो चुके हैं।

## इनका कहना है

शहर के अंदर से होकर बनने वाली फोरलेन सडक व रेलवे ओवरब्रिज का अनुबंध पिछले दिनों हुआ है। समय पर निर्माण कार्य पूरा कराने का प्रयास किया जाएगा। राहगीरों की सुरक्षा के लिए सडक किनारे मिट्टी के छोटे ढेर रखे गए हैं, ताकि वाहन चालक रोड से नीचे ना आएं।

**गगन भांवर, डिविजनल मैनेजर एमपीआरडीसी**

**खबर संक्षेप**

### निर्वाचन प्रेक्षक की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग कार्य का हुआ प्रशिक्षण



**बालाघाट।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सोमवार को जिला पंचायत सभागृह में निर्वाचन प्रेक्षक शुभकरण सिंह की उपस्थिति में ईवीएम मशीनों के कमीशनिंग कार्य के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर शरद खंडेलवाल द्वारा दिया गया। इस दौरान प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय उपस्थित रहे। प्रशिक्षण में कमीशनिंग कार्य करने वाले उपयंत्रियों को बीयू सीयू तथा वीवी पेट को जोड़ने के सम्बंध में डेमो के माध्यम से बताया गया। साथ ही मॉक पोल का समय और उस समय उपस्थिति के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण में बीयू, सीयू और वीवीपेट के संयोजन से बनी मशीन ईवीएम कहलाती है। इन तीनो के आपस मे संयोजन से कार्य करने के सम्बंध में विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अमले ने अपनी शंका प्रश्न कर पूर्ण की।

### सुबह से मतदाता जागरूकता के लिए खिलाड़ियों ने मैराथन में लगाये नारे, स्वीप अंतर्गत निकली मैराथन रैली



**बालाघाट।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में मंगलवार सुबह से शहर के युवा खिलाड़ियों और अधिकारियों ने मैराथन रैली के माध्यम से मतदाताओं को संदेश दिया। रैली मुलना स्टेडियम से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर चौक से प्रेमनगर से मोती तालाब से अम्बेडकर चौक से पुनः मुलना स्टेडियम पर समाप्त हुई। रैली के प्रारम्भ में एआरओ गोपाल सोनी ने मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई। मैराथन में शामिल खिलाड़ी व अधिकारी नारे लगाते हुए निकले। रैली में खिलाड़ियों ने नारे के साथ वार्म अप कर अच्छा सन्देश दिया। रैली में दिव्यांग स्वीप आइकॉन जीआर घोडेश्वर,कैम्पस एम्बेसेडर रोहिणी खेल अधिकारी केके चौरसिया व जिपं के पीओ विकास रघुवंशी मौजूद रहे।

## प्रधानमंत्री की कड़ी सुरक्षा के लिए पुलिस ने जारी की यातायात की एडवायजरी, शहर में नो एंट्री का समय सुबह 7 बजे से

# आज बालाघाट प्रवास पर पीएम मोदी: कार्यक्रम स्थल का मंत्री प्रहलाद पटेल ने किया निरीक्षण, पांच मार्गों पर आवागमन रहेगा प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

एक दशक बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मंगलवार को बालाघाट आ रहे हैं। यहां वे भाजपा प्रत्याशी भारती पारधी के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे।

मुख्यालय के उत्कृष्ट विद्यालय मैदान में आयोजित जनसभा को लेकर की जा रही तैयारियों का 8 अप्रैल को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल ने जायजा लिया और मंच के साथ ही पूरे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करने पहुंचे मंत्री पटेल ने कहा कि आज देश तो क्या विश्व के लोग प्रधानमंत्री मोदी जी को सुनना चाहते हैं, उन्हें देखना चाहते हैं। कार्यक्रम में आम जनता बिना किसी असुविधा के उन्हें सुन सकें और उनके संवाद का लाभ ले सके।



इसको लेकर की जा रही तैयारियों का हमने निरीक्षण किया है। चूंकि प्रधानमंत्री आ रहे है तो उनके कार्यक्रम स्थल में किसी प्रकार की कोई कमी ना रहे, यह देखना हमारी जवाबदारी है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम आने के बाद उसे मीडिया को साझा किया जाएगा।

दूसरी ओर बालाघाट में प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर आसमान से लेकर जमीन तक की सुरक्षा में एक जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री के सुरक्षा अमला सहित बालाघाट पुलिस ने लगभग 03 हजार जवानों का तैनाती की है।




### पांच मार्गों पर यातायात प्रतिबंधित रहेगा

बालाघाट में प्रधानमंत्री की जनसभा के चलते, यातायात पुलिस ने शहर के पांच मार्गों में पूर्णतः प्रतिबंधित किया है। इसमें मोती गार्डन चौक से आंबेडकर चौक, काली पुतली चौक से आंबेडकर और जयस्तंभ चौक, दुर्गावती चौक से आंबेडकर चौक, जयस्तंभ चौक से रानी अवंतीबाई चौक और अवंतीबाठ चौक से काली पुतली चौक, आंबेडकर चौक, विश्वेश्वरैया चौक, दुर्गावती चौक जयस्तंभ चौक, बिरसा मुंडा चौक, अवंतीबाई चौक के बीच किसी भी प्रकार से आवागमन पूर्णतः अवरुद्ध रहेगा।

### नो एंट्री सुबह 7 बजे से

शहर के प्रमुख मार्गों पर आवागमन प्रतिबंधित होने पर यातायात विभाग ने आवागमन को डायवर्ट किया है। इसके तहत शहर में भारी वाहन, सरेखा से बैहर रोड होकर आवागमन करेंगे। शहर में नो-इंट्री प्रातः 07 बजे से आगामी आदेश का बंद रहेगी। लांजी और गोंदिया की ओर बस स्टैंड से जाने वाले वाहन बैहर रोड होते हुए सरेखा बायपास से रवाना होगी। जबकि सिवनी, नागपुर, वारासिवनी, लालबर्रा की ओर से आने-जाने वाले वाहन बैहर रोड होते हुए सरेखा बायपास से आवागमन करेंगे।

### पार्किंग व्यवस्था ऐसी रहेगी

प्रधानमंत्री मोदी की उत्कृष्ट विद्यालय में सभा को देखते हुए आने वाले लोगों के लिए पार्किंग व्यवस्था भी अलग-अलग की गई है। वीआईपी और मीडिया के वाहन, पीजी कॉलेज के बाजू नवीन बालक हाईस्कूल मैदान, एमएलबी स्कूल और डाइट ऑफिस के मैदान में होगी। इसी प्रकार सिवनी, वारासिवनी और लालबर्रा से आने वाहन की पार्किंग चांदमारी रोड, लांजी, किरनापुर, उकवा, बैहर से आने वाले बसों पार्किंग जागपुर घाट और सरस्वती स्कूल में होगी, हल्के वाहनों की पार्किंग पॉलिटेक्निक कॉलेज मैदान में होगी। मंडला और लामता से आने वाली बसों और वाहनों की पार्किंग बुढ़ी आईटीआई मैदान में होगी और यदि यहां पार्किंग भर जाती है तो फिर वाहन धपेरा-मोहगांव, नेवरगांव, कनकी से गर्रा चौक होते हुए आने वाले वाहनों की पार्किंग सिंचाई कॉलोनी और रेंजर कॉलेज, हल्के वाहन भटेरा रोड नवन विद्यापीठ के सामने एवं पेट्रोल पंप के पीछे मैदान में होगी।

---

**मंत्री प्रहलाद पटेल ने दिलाई सदस्यता, कई समर्थक ने भी कांग्रेस छोड़ी**

## राजा लिल्हारे और उदयसिंह नगपुरे भाजपा में शामिल







हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पूरे देश में भाजपा में प्रवेश की होड़ और कांग्रेस में भागमभाग की स्थिति मची है, जिसका असर बालाघाट में देखने को मिला। कांग्रेसी विचारधारा से इत्तेफाक रखने वाले जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे और कांग्रेस नेता उदयसिंह नगपुरे सहित बड़ी संख्या में समर्थकों ने प्रधानमंत्री मोदी की रीति-नीति और भाजपा की विचारधारा से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ली। इनका भाजपा परिवार में पार्टी का गमछा पहनाकर प्रहलाद पटेल ने स्वागत किया। भटेरा मार्ग पर आस्था मंगल भवन में आयोजित सदस्यता कार्यक्रम में महिला नेत्री लता एलकर, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल रंगलानी, ज्वाईन भाजपा संयोजक अभय सेठिया सहित अन्य भाजपा नेता, पदाधिकारी उपस्थित थे।

### विपक्ष मुंह दिखाने लायक नहीं

भाजपा में प्रवेश के बाद जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो देश और धर्म के लिए काम कर रही है। जो राममंदिर हमारे लिए सपना था, उसे भाजपा ने पूरा कर दिखाया। इससे विपक्षियों की नाक कट गई, आज विपक्ष मुंह दिखाने लायक नहीं है। जो पार्टी राममंदिर का न्यौता ठुकरा दे, ऐसी पार्टी की विचारधारा का समर्थन भी मेरे लिए गंवारा नहीं था, इसी के चलते आज वह भाजपा में शामिल हुए है।

### कांग्रेस में चलती है चमचागिरी

कांग्रेस नेता उदयसिंह नगपुरे ने कहा कि भाजपा ने मुझे पार्टी जिलाध्यक्ष और प्रदेश कार्यसमिति में अहम पद दिया लेकिन मेरी मति भ्रष्ट हो गई थी, जिसके कारण, वह कांग्रेस में चले गए, लेकिन आज मैं परिवार में वापसी कर रहा है। भाजपा ही ऐसी पार्टी है जो अंतिम छोर के कार्यकर्ता और पहली बार के विधायक को मुख्यमंत्री बन जाते हैं, कांग्रेस में चमचागिरी को महत्व दिया जाता है जो ज्यादा चमचागिरी करेगा, उसे उतना लाभ मिलेगा।

### हमने नहीं जातिवाद की परवाह

भाजपा परिवार को नए सदस्यों से बड़ा करने वाले मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद और नक्सलवाद पर प्रतिबंध लगा है। उन्होंने कहा कि जब भी वह सांसद में रहे, देश के किसी भी हिस्से में नक्सलवाद को लेकर उन्होंने आवाज उठाई।

बालाघाट संसदीय क्षेत्र में भी हम समझौता करके नहीं आए थे और जब यहां आए तो जातिवाद की राजनीति की परवाह किए बिना जनता ने हमें अपना आशीर्वाद दिया। मंत्री पटेल ने कहा कि राजनीति में जातिवाद के दंश को खत्म कर सकते है तो जीवन की सबसे बड़ी सफलता होगी, आने वाली पीढ़ी को बचा पाए तो बड़ी सफलता होगी।

## डराकर और अपमानित करके राजनीति नहीं हो सकती

*प्रहलाद पटेल बोले- यह राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए*

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

पूर्व केन्द्रीय मंत्री और वर्तमान प्रदेश मंत्री प्रहलाद पटेल ने राहुल गांधी और कांग्रेस पर बड़ा हमला बोला है।

बालाघाट में जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे, जिला पंचायत सदस्य स्मिता टेकाम और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता उदयसिंह नगपुरे सहित बड़ी संख्या में लोगों के भाजपा प्रवेश कार्यक्रम में पहुंचे मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि बिना विचार और अमर्यादित भाषा के साथ भारत के लोकतंत्र में चलेगा तो वह खत्म हो जाएगा, जिसका आपातकाल, श्रेष्ठ उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि इस देश में डराकर और अपमानित करके राजनीति नहीं हो सकती है। यह कांग्रेस नेता राहुल गांधी को समझ लेना चाहिए।

उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आदिवासी जिले में प्रचार कार्यक्रम को लेकर कहा कि ऐसे लोगों पर कोई भरोसा नहीं करेगा, क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी जी ने गरीब कल्याण के नाम से जो दिया है, वह अभूतपूर्व है। आजादी के 75 साल में यह 10 वर्ष ऐसे है, जहां सरकार के कृषि मंत्री पर कोई आरोप नहीं हैं।



### वृद्धाश्रम के मतदाता भी हुए मतदान करने के लिए जागरूक

**बालाघाट।** आम लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान के लिए जिले मतदाता जागरूकता अभियान अपनी तेज गति के साथ हर एक मतदाता तक अपनी पहुँच सुनिश्चित कर रहा है। शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान में बिरसा में केंदाटोला के वृद्धाश्रम में मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई गई। जानकारी के अनुसार इस वृद्धाश्रम में लगभग 70 वर्ष से अधिक आयु के 22 वृद्ध और 4 दिव्यांगजन है। सभी ने मतदान करने का संकल्प भी लिया है। ज्ञात हो कि जिले में मतदाता अभियान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ.गिरीश कुमार मिश्रा व स्वीप नोडल अधिकारी श्री डीएस रणदा के निर्देशन में संचालित है।

**किसानों को मिलेगा गेहूं और धान का घोषित दाम : भारती पारधी**

## मलाजखंड और बिरसा क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी के बालाघाट आगमन का न्योता

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** भाजपा की कथनी और करनी साफ है। मोदी सरकार की गारंटी, हमारी गारंटी है। इसमें कोई संदेह नहीं। हमारी प्रदेश सरकार अपनी घोषणा के मुताबिक किसानों को गेहूं का 27 सौ रुपए और धान का 31 सौ दाम देने के लिए प्रतिबद्ध है। जो हर हाल जून के पूर्ण बजट में अनुमोदित होकर किसानों को मिलेगा। बहनों को लाडली बहना योजना के तहत समय सीमा के भीतर 3 हजार मिलने लगेगा। जहां तक रही बात कांग्रेस और उनके कुनबे में शामिल मौकापरस्त दलों के बेबुनियादी बयानों संविधान बदलने की तो उन्हें मैं आपके माध्यम से बताना चाहती हूं कि, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संविधान संवारने में प्राणपण से लगे हुए। हमें ऊल-जुलूल की बातों में ना आकर राष्ट्रदोय की ओर निरंतर आगे बढ़ रहे राष्ट्र के मान-सम्मान, स्वाभिमान के लिए फिर मोदी सरकार का दृढ़संकल्प जनता जनार्दन के आशीर्वाद से पूरा करना होगा। यह बात सोमवार को भारती पारधी ने विधानसभा बैहर के मलाजखंड और बिरसा क्षेत्र में कहीं ।



### प्रधानमंत्री की भव्य अगुवाई

जहां भारती पारधी ने पूर्व विधायक भगतसिंह नेताम, जिला पंचायत सभापति उमेश देशमुख, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अनुपमा नेताम, जिला महामंत्री सुरेन्द्र गुड्डा मरकाम, विधानसभा प्रभारी महेंद्र सुराना, मंडल प्रभारी प्रमोद नेमा, जिला मंत्री त्रिवेणी गोस्वामी, मोहगांव नपाध्यक्ष मानसी मरावी, मंडल अध्यक्ष सविता नंदन जायसवाल, विनोद हरिद्वाज, दीपक बिसेन, डां बी एल पटले, सुनील बधावन, जुगल पांडे, महेश मरावी, टोपराम पटले, यशवंत नागरे, मनोज बिसेन, मिथिलेश पटले, योगराज ठाकरे, ढालसिंह चौधरी, पंचम चिचाम, मंडल निषाद और भाजपा कार्यकर्ता, पदाधिकारी व जनप्रतिनिधि के नेतृत्व में गांव-गांव, वार्ड-वार्ड में सघन जन-संपर्क, सभाएं, जनसंवाद कर जन आशीर्वाद लिया। जिसके तहत मोहगांव करूं, जानपुर, पल्हेरा, बीजाटोला, मानेगांव, कचनारी, बिरसा, मलाजखंड और करमसरा में इन्होंने आज बालाघाट में सौभाग्य वंश जन आशीर्वाद सभा को संबोधित करने आ रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन पर बड़ी संख्या में उपस्थित होने का न्योता जन-जन को दिया। जिसके लिए आतुर आमजन मानस, भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके भव्य अगुवाई की तैयारी की है। अवसर पर विश्व के सर्वाधिक जनप्रिय नेता के मुखारविंद से समृद्ध, संपन्न और विकसित भारत के जयघोषों को जनकल्याण और विकास की कड़ी बनाऐ।

### एआरओ ने मतदाता जागरूकता के लिए घर आये मेहमानों को दिलाई मतदान शपथ

**बालाघाट।** लोकसभा निर्वाचन में 19 अप्रैल को मतदान दिवस निर्धारित है। ऐसे में मतदाता जागरूकता अभियान में हर मतदाता तक पहुँचने के प्रयास जारी है। इस प्रयास में निर्वाचन में एआरओ का महत्वपूर्ण दायित्व संभाल रहें श्री गोपाल सोनी कैसे पीछे रहें। शनिवार को उनके निवास पर राजस्थानी गणगौर पर्व की पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान एकत्रित हुए करीब 100 महिलाओं ने पूजा अर्चना के साथ ही मतदाता जागरूकता की शपथ भी ली।

**राजनीतिक दलों की मौजूदगी में रात 9:30 बजे डाक मत पत्र स्ट्रॉग रूम में हुए सील**

## पहले दिन 959 अनुपस्थित मतदाताओं ने किया मतदान

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अनुपस्थित मतदाताओं से गत दिवस होम वोटिंग कराई गई है। गत दिवस 85 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांगजन जो वास्तविक मतदान दिवस 19 अप्रैल को मतदान केंद्रों पर जाकर मतदान नही कर सकते। ऐसे मतदाताओं से निर्धारित प्रारूप में फॉर्म भरवा कर सहमति ली गई थी। पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी श्री राकेश कुमार खोबरागड़े ने जानकारी देते हुए बताया कि पहले दिन कुल 997 अनुपस्थित मतदाताओं में से 959 मतदाताओं ने मतदान किया। इसमें 85 वर्ष से अधिक आयु के 573 व पीडब्ल्यूडी के 38 मतदाताओं ने मतदान किया। दूसरे दिन भी होम वोटिंग के लिए मतदान दल विधानसभा वार पहुँचे। मतदान के पश्चात दल विधानसभाओं में पहुँचे। इसके बाद कलेक्टर कार्यालय स्थित पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम में करीब रात 9:30 बजे राजनीतिक दलों की उपस्थिति में सीलबंद किया गया। इस दौरान कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे,पोस्टल बैलेट स्ट्रांग रूम नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों में वैभव मर्सकोले, दिलीप कुमार, जितेंद्र बर्वे, संजय अग्निहोत्री, मोहन कुमार, संगीता नागेश्वर व अन्य उपस्थित रहें।

## यह कैसा मतदाता सम्मान : वोटर के सवाल पूछने पर भाजपा नेता ने दी 151 में बंद कराने की धमकी!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिले में प्रत्याशियों ने प्रचार में ताकत झोंक दी है। प्रत्याशी और नेता, गांव-गांव में प्रचार कर रहे हैं और जगह-जगह सभाएं लेकर प्रत्याशी के लिए आशीर्वाद मांग रहे हैं।

पार्टी और नेता, मतदाताओं के चरणों में है और मतदाताओं को भगवान बता रहे हैं लेकिन भाजपा को शायद सत्ता और जीत का घमंड हो गया है। यही कारण है कि जिन मतदाताओं से पार्टी वोट मांगने जा रही है, उसे ही 151 में अंदर करा देने की धमकी दे दी है।

नुक्कड़ सभा के दौरान पूछे गए सवालों के जवाब में भाजपा नेता इतने भड़क गए कि उन्होंने मतदाता को ही 151 में बंद करा देने की धमकी दी और उसे डांटकर चुप कराने का प्रयास किया।

पूरा मामला, पूर्व आयोग सदस्य और भाजपा के वरिष्ठ नेता तुकड़यादास वैद्य की नुक्कड़ सभा का है। जब वह भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में नाहरवानी में सभा ले रहे थे। इस दौरान ही योगराज नाम का व्यक्ति ने उनसे पूछा कि कहां है भाजपा का राज, 45 रुपए किलो शक्कर हो गई, कहां है मिट्टी का तेल, जनता को गुमराह कर रहे हो, हम नेता नहीं है वोटर है।

इसे सुनने के बाद भड़क कर भाजपा नेता तुकड़यादास वैद्य माइक से कहते है कि 151 में बंद करा देंगे और उस पर रौब झाड़ते हैं। हमको आधे घंटा का समय मिला है, हम आधा घंटा बोलेंगे, उसके बाद तुम बोलना, नंबर दो का काम करता है।

मतदाता कहता है कि चोरी करते है क्या किसी की। इसके बाद भाजपा नेता तुकड़यादास वैद्य कहते हैं कि हमारे कांग्रेस के मित्र से हम हाथ जोड़ते है कि अभी आपका नंबर आएगा, आप बोल लेना, हमारी आलोचना कर लेना, हम अपनी बात रखते हैं, आप अपनी बात रख लेना।

लगभग 1 मिनट 29 सेकंड का यह वीडियो सोशल मीडिया में भाजपा नेता की 151 में बंद कर देने की धमकी के हैशटेग के साथ वायरल हो रहा हैं।



### भाजपा नेता बोले हमारा चेला है और कांग्रेसी है

इस मामले में भाजपा नेता तुकड़यादास वैद्य का कहना है कि योगराज हमारा चेला है, कांग्रेस का आदमी है, हमारी सभा के दौरान वह डिस्टर्ब कर रहा था। चोर कह रहा था, हमने कहा तुम्हारा नंबर आएगा, तो बोल देना, हमें क्यों डिस्टर्ब कर रहा है। हमारे सामने उनका मंच लगा था, उसने जेसीबी और ट्रैक्टर लाकर खड़ा दिया।

हमने कहा कि पुलिस में शिकायत करेंगे तो तुम्हें पुलिस शांतिभंग के अपराध में ले जाएगी। वह हमारा भतीजा है, कांग्रेस का आदमी है तिलपेवाड़ा का है, उससे हमारी कोई वैमनस्यता नहीं है। कोई बात नहीं है, हमने उसकी कोई शिकायत नहीं की है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वह कुछ भी कहे, उससे क्या होता है।